# अफगानिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया गिल-बुमराह को मिल सकता है आराम

## टेस्ट में नए खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

मुंबई (एजेंसी)।

अफगानिस्तान के खिलाफ इकलौते टेस्ट में शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। 31 मई को आईपीएल 2026 का फाइनल है और भारतीय टीम का इंटरनेशनल कैलेंडर व्यस्त है। वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते कुछ खिलाड़ियों को आराम मिल सकता है। वहीं, हर्ष दुबे, आकिब नबी और देवदत पडिक्कल को मौका मिल सकता है। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने गेंदबाजी में सुधार किया है, जिससे उनके नाम पर चर्चा है। चयन समिति जल्दबाजी के बजाय मेडिकल टीम की सलाह पर फैसला करेगी। आईपीएल 2026 का फाइनल 31 मई को है, जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट 6 जून से शुरू होगा। दोनों के बीच सिर्फ 5-6 दिन हैं। मैनेजमेंट खिलाड़ियों की थकान और इंजरी रिस्क को लेकर गंभीर है। चयनकर्ता देखेंगे कि रेगुलर टेस्ट खिलाड़ियों की आईपीएलटीम किस स्टेज तक पहुंचती है।



### डब्युटीसी पॉइंट्स टेबल का दबाव नहीं, सीनियर बाहर हो सकते हैं

अफगानिस्तान के खिलाफ इस इकलौते टेस्ट में डब्युटीसी के कोई पॉइंट्स दांव पर नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, सिलेक्टर्स और मैनेजमेंट स्टार खिलाड़ियों को वनडे या इंग्लैंड सीरीज के लिए फ्रेश रखना चाहते हैं। मैनेजमेंट मानता है कि बुमराह जैसे अहम गेंदबाज को ऐसे मैच में उतारना जोखिम होगा।

### मुल्लनपुर टेस्ट में नए चेहरे दिख सकते हैं

6 जून से मुल्लनपुर में शुरू होने वाले टेस्ट के लिए चयनकर्ता घरेलू सर्किट पर नजर रख रहे हैं। सीनियर खिलाड़ियों को आराम मिला तो युवा खिलाड़ियों को डेब्यू मिल सकता है। इंडिया-ए के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार रेस में आगे हैं।

### जून से जुलाई तक लगातार सीरीज

भारतीय टीम का जून महीना पैक है। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे के बाद टीम आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड दौरा होगा, जहां 3 टी-20 और 3 वनडे होंगे। इसके बाद 23 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 टी-20 मैच शुरू होंगे।

### अफगानिस्तान ने टेस्ट कैरियर भारत के खिलाफ ही शुरू किया

अफगानिस्तान ने टेस्ट करियर की शुरुआत टीम इंडिया के खिलाफ की थी। 2018 में बेंगलुरु में भारत ने पारी और 262 रन से मैच जीता था। तब से अफगानिस्तान ने 13 टेस्ट खेले, 4 जीते, 7 हारे और 2 ड्रॉ रहे।

### भारत को कभी नहीं हरा सका अफगानिस्तान

अफगानिस्तान और भारत के बीच 4 वनडे हुए, सभी मल्टिनेशन टूर्नामेंट में। एशिया कप में 2 मैच हुए, 1 भारत जीता और 2018 में एक टाई रहा। 2019 और 2023 वर्ल्ड कप में भी 2 मैच हुए, दोनों भारत जीता। दोनों के बीच पहली बार वनडे सीरीज होगी। टी-20 इंटरनेशनल में दोनों के बीच 9 मैच हुए। 8 में भारत जीता, जबकि एशियन गेम्स में एक मुकाबला बेनतीजा रहा। इस फॉर्मेट की इकलौती सीरीज 2024 में हुई थी, जिसमें भारत 3-0 से जीता था।

# आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए 26 अप्रैल को इन्द्रनाग के दर पंहुचेगी एचपीसीए

धर्मशाला(एजेंसी)।

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में मई माह में होने वाले आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन 26 अप्रैल को इन्द्रू नाग देवता के दर में पूजा अर्चना करेगी। इस दौरान एचपीसीए द्वारा मंदिर में सुबह हवन, यज्ञ और पूजा का आयोजन जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में कन्या पूजन और एक भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में किसी भी स्तर के मैच होने से पूर्व एचपीसीए हर बार धर्मशाला के खनियारा स्थित बारिश के देवता इन्द्रू नाग के दर पंहुचकर पूजा और हवन का आयोजन करती है। वहीं मैच के सफल आयोजन के बाद इन्द्रू नाग का आभार जताने के लिए भी पूजा की जाती है। मैच के दौरान किसी भी तरह से मौसम का खलल न पड़े इसके लिए ही इन्द्रू नाग देवता के मंदिर में पूजा पाठ का आयोजन होता है। एचपीसीए के सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि धर्मशाला में होने वाले तीन आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए 26 अप्रैल को स्थानीय देवता इन्द्रू नाग के मंदिर में पूजा और हवन किया जाएगा इसके बाद कन्या पूजन और भंडारे का भी आयोजन भी किया जाएगा।वहीं उन्होंने मैचों की तैयारियों को लेकर कहा कि तैयारियां जोरों पर है। इन मैचों को सफल बनाने के लिए हर बार की तरह सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। बात चाहे आउटफील्ड की हो या फिर पिच की सभी तैयारियां चल रही हैं।



### धर्मशाला में आईपीएल के खेले जाएंगे तीन मैच

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में इस सीजन के तीन आईपीएल मैच खेले जाने हैं। पंजाब किंग्स के होम ग्राउंड धर्मशाला में पंजाब 11 मई को अपना पहला मैच दिल्ली कैपिटल्स के साथ खेलेगा। वहीं 14 मई को पंजाब की भिड़ंत मुंबई इंडियंस के साथ होगी। यह दोनों मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होंगे। वहीं 17 मई को पंजाब और आरसीबी के बीच खेले जाने वाला मैच दिन में साढ़े तीन बजे से शुरू होगा।

# सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने हासिल किया एशियाई खेल का प्रसारण अधिकार

नई दिल्ली(एजेंसी)।

एशियाई खेल 2026 के प्रसारण को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने जापान में आयोजित होने वाले 20वें एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) के लिए भारत में विशेष प्रसारण अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह लगातार तीसरी बार है जब सोनी नेटवर्क भारत में एशियाई खेलों का प्रसारण करेगा। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने जानकारी दी कि यह प्रतिष्ठित बहु-खेल प्रतियोगिता 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान में आयोजित होगी।समझौते के तहत पूरे टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण सोनी के खेल चैनलों पर किया जाएगा, जबकि इसका डिजिटल प्रसारण सोनी के ओटीटी मंच सोनी लिव पर उपलब्ध रहेगा।सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के स्पोर्ट्स और इंटरनेशनल बिजनेस प्रमुख राजेश कौल ने कहा कि पिछले संस्करण में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद देश में बहु-खेल प्रतियोगिताओं के प्रति रुचि काफी बढ़ी है। भारत ने पिछली बार 100 पदकों का आंकड़ा पार करते हुए कुल 107 पदक जीते थे।एशियाई खेल दुनिया के सबसे बड़े बहु-खेल आयोजनों में से एक है। इस बार इसमें 41 खेल शामिल होंगे, जिनमें 32 ओलंपिक खेल भी हैं। साथ ही, इस संस्करण में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स और सर्फिंग जैसे नए खेलों को भी शामिल किया गया है, जिससे प्रतियोगिता और रोमांचक होने की उम्मीद है।




# अभिषेक का तूफानी शतक, डीसी के खिलाफ एसआरएच ने 2 विकेट खोकर बनाए 242 रन

हैदराबाद।

आईपीएल 2026 के 31वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की भिड़ंत मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ हो रही है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है।

एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 242 रन लगाए। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने तावड़तोड़ शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए सिर्फ 8.5 ओवर में 97 रन जोड़े। हेड 26 गेंदों का सामना करने के बाद 37 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में 142 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 2 चौके और 2 छक्के लगाए। इसके बाद कप्तान ईशान किशन के रूप में अभिषेक को एक और बढ़िया जोड़ीदार मिला। अभिषेक और ईशान ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए महज 35 गेंदों में 79 रन जोड़े।

ईशान ने 13 गेंदों में 2 चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए। हालांकि, एसआरएच के कप्तान रनआउट होकर पवेलियन लौटे। अभिषेक ने एक छोर संभाले रखा और तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

अभिषेक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंदों में नाबाद 135 रन बनाए। 198 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए अभिषेक ने अपनी इस पारी में 10 चौके और 10 छक्के लगाए। वहीं, हेनरिक क्लासेन ने महज 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। अभिषेक-क्लासेन ने तीसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 66 रनों की अटूट साझेदारी निभाई। डीसी की तरफ से इकलौता विकेट अक्षर पटेल ने लिया।

अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स इस मुकाबले में पथुम निसांका, केएल राहुल (विकेटकीपर), समीर रिजवी, नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, टी नटराजन और लुंगी एनगिडी के साथ खेल रही है।

सनराइजर्स हैदराबाद ईशान किशन की कप्तानी में इस मुकाबले में अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवांग कुमार, हर्ष दुबे, साकिब हुसैन और ईशान मलिंगा के साथ मैदान पर उतरी है।



# वाइटैलिटी ब्लास्ट से पीटर सिडल ने नाम वापस लिया, नॉटिंघमशायर को झटका



लंदन(एजेंसी)।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज पीटर सिडल ने निजी कारणों के चलते इस साल के वाइटैलिटी ब्लास्ट टी20 टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। इससे नॉटिंघमशायर टीम को बड़ा झटका लगा है।इस गर्मी में पूरे टूर्नामेंट के लिए ट्रेंट ब्रिज लौटने वाले 41 वर्षीय सिडल इससे पहले वह 2014 में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैम्पियनशिप में खेल चुके हैं। उस सीजन में उन्होंने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 37 विकेट लेकर टीम को प्रथम डिवीजन में चौथे स्थान पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।पीटर सिडल अपने काउंटी करियर के दौरान डरहम, एसेक्स, लंकाशायर और समरसेट जैसी टीमों का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और इंग्लैंड की घरेलू क्रिकेट में एक अनुभवी खिलाड़ी माने जाते हैं।नॉटिंघमशायर के क्रिकेट निदेशक मिक न्यूवेल ने कहा कि हमें निराशा है कि सिडल इस गर्मी में टीम के साथ नहीं जुड़ पाएंगे। हम उनके अनुभव और कौशल का लाभ उठाने के लिए उत्साहित थे। उन्होंने आगे कहा कि टीम अब टूर्नामेंट के लिए एक उपयुक्त विकल्प खिलाड़ी की तलाश करेगी। सिडल के हटने के बाद नॉटिंघमशायर की टीम संतुलन पर असर पड़ सकता है, खासकर टी20 प्रतियोगिता में उनके अनुभव की कमी महसूस होगी।

# आईपीएल में सीएसके को झटका, हैमस्ट्रिंग चोट के चलते बाहर हुए आयुष म्हात्रे

नई दिल्ली(एजेंसी)।

इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।फ्रेंचाइज़ी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। म्हात्रे को यह चोट हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान बल्लेबाजी करते समय लगी। जांच में उनकी हैमस्ट्रिंग में गंभीर खिंचाव की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों के मुताबिक इस चोट से उबरने में उन्हें 6 से 12 सप्ताह का समय लगेगा, जिससे वह इस सीजन के शेष मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।मुंबई के इस युवा बल्लेबाज ने इस सीजन में शीर्ष क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पावरप्ले के अंतिम ओवरों में तेज रन बनाने के लिए जाने जाते रहे हैं। म्हात्रे ने इस सीजन में 6 मैचों में 201 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 177.88 रहा और उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए। पिछले सीजन में भी उन्होंने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद टीम में जगह बनाई थी और 7 मैचों में 240 रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित की थी।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद,अमरवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Email ID - cmoamarwada.mpurban.gov.in Phone No. - 07167222221

क्रमांक-/20/लो.नि./न.पा.प./2026 अमरवाड़ा दिनांक:-18/04/2026

// ई- निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद द्वारा लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रचलित आई.एस.एस.आर.के आधार पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (रू.में.) | धरोहर राशि (रू.में.) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2026_UAD_501639_1 | नगर के विभिन्न वार्डो में चेम्बर निर्माण कार्य। | 385810/- | 3900/- | 2000/- | New PWD Reg. | 2 माह |
| 2026_UAD_501640_1 | नगर के विभिन्न वार्डो में पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 1276552/- | 9600/- | 2000/- | New PWD Reg. | 4 माह |

शर्तः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमरवाड़ा



-::न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर::-

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रं/1246/अ-6/2025-2026

भैजा-सिवनी प्रणमोती

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टेकचंद पिता खजलाल सरयाम निवासी बैचदैन तहसील चौरई द्वारा मौजा सिवनीप्रणमोती पटवारी हल्का नंबर 11 राजस्व निरीक्षक मण्डल छिन्दवाड़ा नगर-2 तहसील व जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 14/1/1 मेसे रकबा 0.032 हे0 का पंजीयत बैनामा कमांक 2834/2839 दिनांक 06.09.1999 के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विषय पर जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या किसी अधिकृत अधिवक्त अथवा मान्य अधिकर्ता के उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत दिनांक..... तक प्रस्तुत कर सकते है नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय कीपदमुद्रा के जारी किया गया।

तहसीलदार
छिंदवाड़ा नगर



## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

**अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 14/05/2026**

क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा - पुराने पंजाब भवन के पास, चिटनविसगंज नरसिंहपुर रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रतिकित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, बिना प्रकार है, इसमें दायित्व रहित"** के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा | मांग सूचना दिनांक अधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / अंशि धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स पदमावति इंडस्ट्री<br>प्रोप. श्री लक्ष्य सूर्यवंशी पिता ओमप्रकाश सूर्यवंशी<br>कंपनी पता :- प्लॉट न. J-20 एवं J-21, सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांव, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106<br>आवासीय पता :- वॉर्ड न. 14, ग्राम रामाकोना ,पोस्ट रामाकोना, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106<br>संबन्धित शाखा: सौसर<br>अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003724 | 30/05/2025<br>12/08/2025<br>रु. 1,81,20,800.91<br>+ भविष्य ब्याज<br>+ विधिक व्यय | साम्य बंधन भूमि एवं भवन: संपत्ति क्र:- 1. प्लॉट न. J-20 क्षेत्रफल 800.00 वर्गमीटर, सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांव, प .ह .नं. 45, ब.नं. 154, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106<br>चतु:सीमा (प्लॉट न. J-20, सैक्टर – J) - उत्तर – प्लॉट न. J-21, दक्षिण- प्लॉट न. J-19, पूर्व - रोड, पश्चिम – प्लॉट न. J-28<br>संपत्ति क्रमांक :- 2: प्लॉट न. J-21 क्षेत्रफल 800.00 वर्गमीटर , सैक्टर – J, जमालपानी IGC बोरगांव, प .ह .नं. 45, ब.नं. 154, तहसील सौसर, जिला पांडुर्णा, मध्यप्रदेश पिन- 480106<br>चतु:सीमा (प्लॉट न. J-21, सैक्टर – J) - उत्तर – प्लॉट न. J-22, दक्षिण- प्लॉट न. J-20, पूर्व- रोड, पश्चिम – प्लॉट न. J-28<br>संपत्ति क्रमांक :- 3: Hypothecation of Plant & Machineries i.e. 1. Jaw Crusher, 2. 5 Roller Mill, 3. MS Loading Sructure, 4. Motors, 5. Electrification, Control Panel, Cables etc.<br>भू- स्वामी / बंधककर्ता: मैसर्स पदमावति इंडस्ट्री प्रोप. श्री लक्ष्य सूर्यवंशी पिता ओमप्रकाश सूर्यवंशी<br>सांकेतिक कब्जा<br>**नोट – उक्त सम्पतियो से सम्बंधित म.प्र. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (MPIDC) के समस्त बकाया देय (जैसे भू-भाटक , जल प्रभार, संधारण प्रभार एवं अन्य प्रभार, यदि कोई हो) सफल बोलीकर्ता द्वारा सम्बंधित प्राधिकरण के प्रचलित नियमो / अनुमतियो के अनुसार वहन एवं भुगतान किए जाएंगे।** | रू. 83,12,800.00<br>रू. 8,31,280.00<br>रू. 50,000/- |
| 2. | M/s दिव्या पाइप ट्रेडर्स प्रोप:- श्रीमति सुलवंती नागपुरे पति श्री दीपक नागपुरे<br>पता - क्र. 76, वार्ड क्र. 7 , ग्राम – कोहकाडिबर, पोस्ट – देओरी, जिला - बालाघाट , म0 प्र0 481001<br>पता :- ग्राम सारद , पोस्ट सारद , तहसील – किरनापुर , जिला – बालाघाट , म0 प्र0 481226<br>संबन्धित शाखा: बालाघाट<br>अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें – शा. प्र. 8226003734 | 10/06/2025<br>19/08/2025<br>रु. 1,15,79,416.55<br>+ भविष्य ब्याज +<br>विधिक व्यय | साम्य बंधन भूमि:<br>संपत्ति क्र. 1 : मौज़ा – सारद प. ह. न. 03 /15 रा. नि. म. रजेगाँव तहसील किरनापुर जिला बालाघाट स्थित खसरा न. 241/3 कुल रकबा 0.263 हेक्टर पूर्ण डाइवरटेड जिसमे निर्मित समस्त पक्का आर. सी. सी. एवम् अन्य निर्माण जिसकी चतु:सीमा निम्न प्रकार है:- उत्तर – पाढन, दक्षिण – भाउलाल रहंगडाले कि जमीन, पूर्व – सरकारी जमीन, पश्चिम – सेवक राम कि जमीन<br>संपत्ति क्र. 2 : मौज़ा – सारद प. ह. न. 03 /15 रा. नि. म. रजेगाँव, तहसील किरनापुर , जिला बालाघाट स्थित खसरा न. 241/4 कुल रकबा 0.162 हेक्टर पूर्ण डाइवरटेड जिसमे निर्मित समस्त पक्का आर. सी. सी. एवम् अन्य निर्माण जिसकी चतु:सीमा निम्न प्रकार है:- उत्तर – पाढन, दक्षिण – भाउलाल रहंगडाले कि जमीन, पूर्व – बुदन बाई कि जमीन, पश्चिम – गोपिचंद मनेश्वर कि जमीन<br>संपत्ति क्र. 3 : PVC pipe manufacturing Plant & Machineries<br>भू- स्वामी / बंधककर्ता: श्रीमति सुलवंती नागपुरे पति श्री दीपक नागपुरे (संपत्ति बंधककर्ता)<br>भौतिक कब्जा (Physical Possession) | रू. 99,98,000/-<br>रू. 9,99,800/-<br>रू. 50,000/- |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिये गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbank.bank.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB alliance के वेबपोर्टल http://baanknet.com पर उपलब्ध लिंक देखें। क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा प्राधिकृत अधिकारी (मो. 9109954645) से संपर्क कर सकते है। ये ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन एवं पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांक: 22/04/2026

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी


Scanned with OKEN Scanner